# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 22 अगस्त, 2018

## कैनाइन डिस्टेंपर वायरस

हाल ही में असम के एक चिड़ियाघर में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस के कारण कम-से-कम आठ सियारों की मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि अब से कुछ समय पूर्व तक इस चिड़ियाघर में सियारों की संख्या 18 थी।

## कैनाइन डिस्टेंपर

- कैनाइन डिस्टेंपर एक वायरस है जो कुत्ते के श्वसन, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, श्वसन के साथ-साथ और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र और आँखों को भी प्रभावित करता है।
- मूत्र, रक्त या लार के साथ सीधे संपर्क के माध्यम से यह वायरस एक कुत्ते से दूसरे कुत्ते तक जाता है।
- कैनाइन डिस्टेंपर पहली बार यूरोप के स्पेन में 1761 में सामने आया।
- कैनाइन डिस्टेंपर के खिलाफ पहला टीका इटली के पंटोनी (Puntoni) ने विकसित किया था।

## 'लीज़न ऑफ मेरिट' पुरस्कार

पूर्व सेना प्रमुख जनरल दलबीर सिंह सुहाग को संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिष्ठित पुरस्कार 'लीज़न ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व सेना प्रमुख को यह पुरस्कार अगस्त 2014 से दिसंबर 2016 तक सेना प्रमुख के रूप में असाधारण सेवा के लिये प्रदान किया गया है।

- अमेरिकी सरकार ने इस पुरस्कार के लिये दलबीर सिंह सुहाग के नाम की घोषणा मार्च 2016 में ही की गई थी।
- सुहाग यह पुरस्कार पाने वाले दूसरे भारतीय हैं इससे पहले यह पुरस्कार भारत के राजेंद्र सिंह जाडेजा को वर्ष 1946 में दिया गया था।
- जनरल दलबीर सिंह सुहाग को दी गई ये उपाधि चार मुख्य उपाधियों का मिश्रण है। इसमें डिग्री ऑफ चीफ कमांडर, डिग्री ऑफ कमांडर, डिग्री ऑफ ऑफिसर और डिग्री ऑफ लेगिनियर शामिल हैं।
- लीजन ऑफ मेरिट संयुक्त राज्य अमेरिका के सशस्त्र बलों का एक सैन्य पुरस्कार है जो उत्कृष्ट सेवाओं और उपलब्धियों तथा असाधारण आचरण के लिये दिया जाता है।

## तिरुवनंतपुरम में एक महीने के भीतर चक्रवात चेतावनी केंद्र की स्थापना

- केरल और कर्नाटक के समुद्र तटों पर हाल के दिनों में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों और उनसे होने वाली गंभीर मौसमीय घटनाओं को देखते हुए केंद्रीय विज्ञान मंत्रालय ने तिरुवनंतपुरम में एक चक्रवात चेतावनी केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है।
- मंत्रालय अगले एक महीने के भीतर इस केंद्र को स्थापित करने की योजना बना रहा है। वर्तमान में भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के पास केवल चेन्नई, विशाखापत्तनम, भुवनेश्वर, कोलकाता, अहमदाबाद और मुंबई में चक्रवात चेतावनी केंद्र हैं।
- इससे केंद्र सरकार केरल और कर्नाटक की ज़रूरतों को पूरा करेगी और सभी राज्यों को मौसम की चेतावनियों तथा तटीय बुलेटिन (मछुआरों आदि के लिये) जारी करने के लिये पूर्वानुमान उपकरण सहित सभी बुनियादी सुविधाएँ मुहैया कराएगी।
- इस कदम से भारतीय मौसम विभाग के केरल में स्थित वर्तमान पूर्वानुमान गतिविधियों को और मज़बूती मिलेगी।
- मंत्रालय वर्ष 2019 के अंत तक मैंगलोर में भी एक और सी-बैंड डोप्लर मौसम राडार स्थापित करने की योजना बना रहा है, जो केरल के उत्तरी हिस्सों को कवर करेगा।
- वर्तमान में केरल में दो डोप्लर मौसम राडार हैं जिनमें एक कोच्चि और दूसरा तिरुवनंतपुरम में स्थित है।

## 'पाणिनी भाषा लैब' और 'अटल बिहारी वाजपेयी टावर'

- विदेश मंत्री ने मॉरीशस में महात्मा गांधी संस्थान (एमजीआई) में 'पाणिनी भाषा प्रयोगशाला' का उद्घाटन किया।
- भारत सरकार द्वारा उपहार में दी गई यह प्रयोगशाला, मॉरीशस में भारतीय भाषाओं को पढ़ाने में एमजीआई की मदद करेगी।
- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निधन के बाद मॉरीशस के प्रसिद्ध 'साइबर टॉवर' का नाम बदलकर 'अटल बिहारी वाजपेयी टावर' किया गया है।
- यह घोषणा मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ ने की।
- उल्लेखनीय है कि 11वाँ विश्व हिंदी सम्मेलन 18-20 अगस्त, 2018 तक मॉरीशस में आयोजित किया गया और इसी दौरान उपर्युक्त दोनों घोषणाएँ की गई।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-22-08-2018